भारत सरकार द्वारा विज्ञापनों के लिए मान्यता प्राप्त

आरएनआई पंजीयन RAJHIN/2016/72902
डाक पंजीयन RJ/ UD/ 29-150/ 2020-2022



# शब्द रंजन

संस्थापक एवं संरक्षक डॉ. महेन्द्र भानावत

विचार एवं जनसंवाद का पाक्षिक

वर्ष 7 | अंक 15 | उदयपुर सोमवार 15 अगस्त 2022 | पेज 8 | मूल्य 5 रू.

## हर-हर गंगा, घर-घर तिरंगा

अच्छी तरह याद है, आजादी मिलने के सप्ताह भर पूर्व से ही स्कूल में मुंह झांकते, बड़े सवेरे प्रभातफेरी निकाली जाती रही। जुलूस में हम सब बच्चे बड़े उत्साह और उल्लसित उमंग लिए आजाद होने की आस लिए भाग लेते रहे। मोटी खादी की सफेद धोती, जब्बा और सफेद ही टोपी पहने स्कूल संचालक पं. उदय जैन हम बच्चों में बड़ा जोश भरते। जलूस में देशभक्ति की गूंज देती काव्य-पंक्तियां उच्चरित करते। उनकी देखादेख वे ही पंक्तियां हम सब हवा में अपनी मुट्ठी ऊंची तानते जोरशोर की हुंकार में आसपास का वातावरण गूंजाते बढ़ते रहते। वे काव्य-पंक्तियां आज भी मुझे याद पड़ रही हैं-


पं. उदय जैन

चल पड़े जिधर दो डग मग में
चल पड़े कोटि पग उसी ओर।
पड़ गयी जिधर भी एक दृष्टि
गड़ गये कोटि दृग उसी ओर।।

और बड़े तरन्नुम में ये पंक्तियां भी पूरे हिरदै को सहला देतीं-

वन्दना के इन स्वरों में, एक स्वर मेरा मिलालो।
जब हृदय का तार बोले, शृंखला के बंद खोले
जहां-जहां बलि शीश अगणित, एक सिर मेरा मिलालो।।

एक सुबह मध्य बाजार बड़ले के नीचे ज्योंही हमारा जुलूस पहुंचा, हमने पूरे दमखम से हुंकारें मारीं। इतने में एक पुलिसवाला हाथ में डंडा हिलाते वहां आ धमका और आंखें तरेरी कर धमकाते, डराते हमें थाने ले गया। वहां बाहरी दरीखाने में हमें बिठा दिया। हम इस वाकये को समझ ही नहीं पाये। कोई दसेक मिनिट बाद थाने से दो पुलिस के जवान तनी हुई मूंछें दिखाकर बोले, 'जाओ! अपने-अपने घर भाग जाओ।'

आजाद होने का आलोक सबकी आंखों में तैर रहा था। पन्द्रह अगस्त प्रात: लगा जैसे अचानक कोई अन्धेरा पहाड़ फटा और उसमें से भारी प्रकाश निकल सब ओर फैल गया।

सुबह स्कूल पहुंचे। सब ओर की धरती और आकाश, सब कुछ बदला-बदला-सा नया परिवेश लिये महसूस हो रहा था। जैन साहब ने आजादी का महत्त्व बताते खादी का तिरंगा झण्डा फहराया और हम बच्चों ने गाया-

झण्डा ऊंचा रहे हमारा।
विजयी विश्व तिरंगा प्यारा।।
इसकी शान न जाने पाये।
चाहे शीश अलग हो जाये।
मातृभूमि का तन-मन सारा।
झण्डा ऊंचा रहे हमारा।।

सब बच्चों को मिठाई के रूप में नुगतीदाणा का एक-एक दोना खाने को दिया और स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों को एक कक्षा लांघकर आगे की कक्षा में चढ़ाने की घोषणा कर दी। उछलता-कूदता मैं घर पहुंचा। लपककर मां को कहा, 'मैं आजादी की खुशी में चौथी को लांघकर छठी कक्षा में पहुंच गया हूं।' मां ने लाड़ करते मुझे गोदी में उठा लिया। बोली, 'सुन! अब जब भी खंखोरा खाये, मन में 'गंगा-गोदावरी, चुल्हा पाछै बावड़ी' बोला करना।'

देखते-देखते गांव के अनेक राष्ट्रप्रेमियों ने खादी का पहनावा धारण कर लिया। सफेद टोपियां तो हर गली, घर में दिखाई देने लगीं। हम दोनों भाइयों ने भी खादी का पाजामा-जब्बा-टोपी पहनना शुरू कर दिया। मां भी समझ गई। मां ही क्यों; तब मां के साथ मेरी उस पिरोळ में अन्य पांच विधवा मांएं भी हुलसित हुईं। मेरे निवासवाली वह भानावतों की पोळ तो जैसे विधवाओं की पोळ-पिरोळ ही बनी हुई थी।

मेरा गांव कानोड़ रियासतकाल में मेवाड़ के सोलह प्रमुख ठिकानों में गिनती लिये था। वहां के राजमहल तो अभी भी दर्शनीय हैं जबकि ढूंढा बने अतीत के आंसू ही लग रहे हैं। इस गांव की जाग्रति की मिसाल तो यही है कि यहां तेरह स्वतंत्रता सेनानी हुए। आज उनमें से कोई नहीं है। हालांकि वह बड़ला है। स्कूल भी है मगर रौनक नहीं है।

स्वतंत्रता सेनानियों के लिए सर्वाधिक प्रेरक तथा प्रेरणा गीत लिखने वाले कविवर सोहनलाल द्विवेदी भी मुझे आज याद आ रहे हैं। सन् 1980 के दौरान जब मैं दिल्ली की एनसीईआरटी में बच्चों के लिए पाठ लिखने की कार्यशाला में गया तो समापन के दिन द्विवेदीजी ही मुख्य अतिथि थे।



द्विवेदीजी के सम्बन्ध में वहां मैंने जो कुछ सुना, उससे मुझे गांव के उस बचपन का वह जुलूस याद आ गया जिसमें उनकी राष्ट्रीयता की अलख जगाने वाली कविताओं ने ही तो हमें थाना दिखाया था। मैंने मन-ही-मन बड़ी श्रद्धा से उन्हें नमन किया। उनके जैसा पूरी काया और राष्ट्रधर्मी साहित्यिक माया वाला प्रभावी व्यक्तित्व अन्य कोई मेरे देखने में नहीं आया।

इसे मैं अपना सौभाग्य मानता हूं कि मैंने आजादी के पूर्व का दशक देखा और अब उस आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा हूं। पहले तिरंगा फहराने की भी इतनी छूट नहीं थी मगर अब 'हर-हर गंगा, घर-घर तिरंगा' फहराने की उमंग भी आजाद है।

– म. भा.

vedanta
transforming for good

HINDUSTAN ZINC
Zinc & Silver of India




आज़ादी के 75 वर्ष
की हार्दिक शुभकामनाएं

हिन्दुस्तान ज़िंक आत्मनिर्भर भारत
के लक्ष्य की ओर बढ़ते हुए

देश के विकास में 55 वर्षों से प्रतिबद्ध, देश का ज़िंक हिन्दुस्तान ज़िंक


SAFE SMART SUSTAINABLE

Hindustan Zinc Limited

Yashad Bhawan | Near Swaroop Sagar | Udaipur -313004 | Rajasthan | India
P: +91 294-6604000-02 | www.hzlindia.com | CIN - L27204RJ1966PLC001208
www.facebook.com/HindustanZinc | www.twitter.com/CEO_HZL | www.twitter.com/Hindustan_Zi
www.linkedin.com/companyhindustanzinc | www.instagram.com/hindustan_zinc

# गीतांजली हॉस्पिटल
## उदयपुर (राज.)
के

# गीतांजली कार्डियक सेंटर
की सेवाओं में विस्तार




# डॉ. दिलीप जैन
**D.M. (Cardiology), M.D. (Medicine), M.B.B.S**
**Assistant Professor,** Department of Cardiology

**Consultant**
## इंटरवेन्शनल कार्डियोलोजिस्ट
**(Interventional Cardiologist)**

के रूप में नियमित सेवाएं उपलब्ध कराने पर
हार्दिक बधाई एवं उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं

### विशेषज्ञ एवं सिद्धहस्त

- एंजियोग्राफी (Angiography)
- एंजियोप्लास्टी (Angioplasty)
- VSD वी.एस.डी. (Device)
- पेसमेकर / ICD / CRT
- ASD ए.एस.डी. (Device)
- PDA पी.डी.ए. (Device)
- बिना सर्जरी के वॉल्व बदलना TAVI
- दिल के छेद की Device
- Rotablation, IVUS, FFR, OCT
- वॉल्व की बलून सर्जरी
  - BMV/BAV/BPV
- Peripheral Interventions Aortic Aneurysm stenting
- आधुनिक तकनीक से नसों का इलाज (Treatment of veins with modern technology)

**कार्डियक ओ.पी.डी. सुविधा** प्रातः 9:00 से दोपहर 3:00 बजे तक

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें:
**+91 978 459 6209 | 294 250 0044**

* रविवार अवकाश

- मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना (MMCSBY) • राजस्थान गवर्नमेंट हैल्थ स्कीम (RGHS) • कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ESIC)
- भूतपूर्व सैनिक अंशदायी स्वास्थ्य योजना (ECHS) • उत्तर पश्चिमी रेलवे (NWR) • हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड (HZL) • स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया (SBI)
- भारत संचार निगम लिमिटेड (BSNL) • भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (AAI) • राजस्थान राज्य खान एवं खनिज लिमिटेड (RSMM)
- भारतीय खाद्य निगम (FCI) • सभी महत्वपूर्ण टी.पी.ए. (TPA) व इन्श्योरेन्स से अधिकृत है।

## गीतांजली मेडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल
नेशनल हाईवे-8 बायपास, एकलिंगपुरा चौराहा के पास, उदयपुर (राज.) geetanjalihospital.co.in

## बिना प्रेम किये कोई लिख नहीं सकता : महाकवि पंत

प्रकृति के महाकवि सुमित्रानन्दन पंत लिखित काव्य-संग्रह 'गूंजन' की कविताएं विश्व-साहित्य की अनमोल धरोहर है। उन्होंने मुझे एक भेंट में अपने निवास पर कई कविताएं सुनाई। वे एक-एक शब्द का बारीकी से अर्थ बताते और लिखने की पूर्व भावभूमि का सांगोपांग चित्रण करते। उन्होंने कहा भी कि किसी कविता के अर्थ-विस्तार की बजाय उसकी रचना के पूर्व की भाव-पीठिका को समझाने की अधिक आवश्यकता है। अपने प्रकृति-प्रेम में बेजोड़ प्राणवन्त पंतजी ने कहा, 'साहित्यकार जो भी है, वह किसी-न-किसी से प्रेम करेगा। बिना प्रेम किये तो कोई साहित्यकार हो ही नहीं सकता, लिख ही नहीं सकता। कविता सुनाने के लिए मुझे नंगा भी होना पड़े तो होऊंगा।' यह सुन मुस्कान देते डॉ. भटनागर बोले, 'हम सुनने वाले भी यदि नंगे हो जायें।' पंतजी बोले, 'इससे क्या फर्क पड़ने वाला है, हो जायें!'

भटनागर बोले, 'पंतजी पर लड़कियां बहुत लट्टू होती थीं। पंतजी यदि स्वयं अपनी कविताओं की व्याख्या करें तो छात्र उन्हें अपने कंधों पर उठालें।' इसी दौरान डॉ. भटनागर ने जब पंतजी से नितान्त व्यक्तिगत प्रेम सम्बन्ध की बात पूछी तो मुस्कराते जवाब दिया, 'कुछ तो मेरे पास भी रहने दो जो मेरे साथ जाये।'

**- जैसा कि डॉ. राजेन्द्रमोहन भटनागर ने 15 अप्रेल 2021 को शब्द रंजन को बताया।**

## स्वतंत्रता बनाम स्वच्छंदता

सन् 1947, 15 अगस्त को जब भारत देश आजाद हुआ, तब एक बुढ़िया सड़क पर खटिया लगाकर सो गई। वह राजमार्ग था। थोड़ी देर में मोटरों की कतार लग गई। यातायात बंद हो गया।

रास्ते पर लेटी बुढ़िया को बहुत समझाया गया किन्तु वह नहीं मानी। उसने आवेश में कहा- 'आज हमारा राष्ट्र आजाद हो गया। जहां मेरी इच्छा होगी, खटिया बिछाऊंगी। आजाद देश के नागरिक आजाद होते हैं, उन्हें कोई कुछ नहीं कह सकता।'

जब और कोई रास्ता नहीं दिखा, तब एक ड्राईवर ने अपनी मोटर आगे बढ़ाई और बुढ़िया के निकट ले गया। मोटर को सिर पर आते देख, चिल्लाती हुई बुढ़िया बोली- 'अरे भाई! क्या मुझे मारेगा?' ड्राईवर ने कहा- 'मैं भी तुम्हारी तरह आजाद देश का आजाद नागरिक हूं। यदि तुम दूसरों की कठिनाइयों और अपेक्षाओं की तरह ध्यान नहीं दोगी तो तुम्हारी कठिनाइयों की ओर भी कोई ध्यान नहीं देगा। सामाजिक संयम और विवेक बहुत आवश्यक है।' आखिर बुढ़िया समझ गई। उसने खटिया हटा ली और समस्या हल हो गई।

संयम और कानून दोनों ही अनुशासन पर बल देते हैं। कानून से होने वाला अनुशासन बाहर से थोपा जाता है। संयम से होने वाला अनुशासन स्थायी होता है। उसका जन्म आंतरिक श्रद्धा की भूमि पर होता है। **- मुनि राकेश कुमार**

## डॉ. महेन्द्र भानावत को लोकभूषण सम्मान

उदयपुर (ह. सं.)। उत्तरप्रदेश हिन्दी संस्थान लखनऊ द्वारा दिये जाने वाले पुरस्कारों में सन् 2021 का 'लोकभूषण सम्मान' प्रसिद्ध लोककलाविद डॉ. महेन्द्र भानावत को प्रदान किया जायेगा। संस्थान के निदेशक पवन कुमार के अनुसार पुरस्कार स्वरूप डॉ. भानावत को शॉल, स्मृतिचिन्ह के साथ ढाई लाख रूपये की राशि दी जायगी।



डॉ. भानावत ने पन्द्रह वर्ष की उम्र से ही अपने गांव कानोड़ से कविता के माध्यम से लेखन प्रारम्भ किया। लोकसाहित्य-संस्कृति-कला के क्षेत्र में साधनापूर्वक लेखन करते अब तक उनकी एक-सौ-एक पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं।

उल्लेखनीय है कि हिन्दी संस्थान से ही पूर्व में डॉ. भानावत की लिखी अजूबा राजस्थान, मेंहदी राचणी तथा राजस्थान के थापे नामक पुस्तकें पं. रामनरेश त्रिपाठी नामक कृति सम्मान से पुरस्कृत हो चुकी हैं। संस्थान द्वारा प्रतिवर्ष ही हिन्दी साहित्य की विविध विधाओं पर कई लेखकों को पुरस्कार प्रदान किये जाते हैं। डॉ. भानावत ऐसे विद्वान हैं जिन्हें भारतीय परिवेश में लोकजीवन, जनजातीय परिवेश तथा भारतीय लोकधर्मिता से ओतप्रोत साहित्य सृजन के लिए 'लोकभूषण' से नवाजा जायगा।

## स्वतंत्रता की संस्कृति

**- डॉ. रमेश 'मयंक' -**

स्वतंत्रता शब्द नहीं संस्कृति है
जिसमें राष्ट्र के अतीत का
वैभवशाली इतिहास,
वर्तमान की प्रगति,
भविष्य की संभावनाओं का होता विधान,
आदर्श चरित्र प्रधान पात्र
आक्रांताओं से संघर्ष के बाद
सुनिश्चित सफलता का विश्वास दिलाते,
राष्ट्रीय गौरव को कालजयी बनाते!
स्वतंत्रता सीमित नहीं
निहितार्थ में शब्दकोश तक
पुरोधाओं, वृद्धों के अनुभवों
युवाओं के संकल्पों
बालकों के सपनों तक
व्यापक विस्तार पाती है,
स्वस्थ परंपराएं जीवनशैली बनकर
नयी चेतना, नयी ऊर्जा का जोश दिलाती है!



शब्द रंजन

उदयपुर,सोमवार 15 अगस्त 2022

*सम्पादकीय*

# आजादी की अलख जगाते शहीद-सेनानी

देश को आजाद हुए 75 वर्ष हो गये हैं। यह वर्ष अमृत वर्ष है इसलिए हम आजादी का अमृत महोत्सव मना रहे हैं। 'अपने ही घर में अब अपना राज है।'

पुराना इतिहास खंगालें तो हमारे देश पर शासन करने वालों की फहरिश्त बड़ी लम्बी है। उतना ही लम्बा यातनाओं का सिलसिला है। उनकी हुकुमत के किस्से दर्देदिल हैं। असंख्य वीर शहीद हुए। 'अगणित लाल चढ़े फांसी पर सर न किया नीचा।'

हंसते-हंसते जेल गये। जघन्य यातनाएं सहीं। कोड़ों से शरीर नीला किया। लातों-घूंसों से अंग-अंग फोड़ित हुआ पर मुस्कुराते-मुस्कुराते फांसी पर ऐसे झूले जैसे बागन में, सावन में, झूलन में ठाकुरजी की तरह हिंडोला खा रहे हैं।

इधर मेवाड़ के आदिवासी क्षेत्र में मानगढ़ की पहाड़ी पर गोविंदगुरु का नेतृत्व जलियांवाला बाग से भी भयंकर रहा पर पिछड़ा इलाका होने से कौन इसे जगजाहिर करता!

महात्मा गांधी का 'करो या मरो', लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक का 'स्वराज मेरा जन्मसिद्ध अधिकार है और मैं इसे लेकर रहूंगा', नेताजी सुभाषचन्द्र बोस का 'तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूंगा', रामप्रसाद बिस्मिल का सरफरोशी की तमन्ना अब हमारे दिल में है', चन्द्रशेखर आजाद का 'दुश्मन की गोलियों का हम सामना करेंगे, आजाद ही रहे हैं, आजाद ही रहेंगे' जैसे नारों और देशभक्तों के नेतृत्व में उनके इशारों पर मातृभूमि के लिए सर्वस्व समर्पण करने वालों की भीड़ लग गई।

इधर राजपूताने में सरदार वल्लभभाई पटेल की अगुवाई में रियासतों का एकीकरण हुआ। सबसे पहले मेवाड़ के महाराणा भूपालसिंह आगे आये सो उन्हें 'महाराज प्रमुख' का उच्चस्थ सम्मान प्रदान किया गया। महात्मा गांधी का अहिंसक स्वराज आन्दोलन पूरे विश्व में अद्‌भुत इतिहास बना।

राष्ट्रकवि सोहनलाल द्विवेदी की राष्ट्रचित्त की उद्‌बोधित कविताएं पूरे देश के जनमानस की कदमताल बनीं। उनकी गांधी पर लिखी ये पंक्तियां तो गांधी की लोकप्रियता का शिलालेखीय परचम ही बन गया और वे राष्ट्रनेता से भी ऊंचे राष्ट्रपिता हो गये-

चल पड़े जिधर दो डग मग में  
चल पड़े कोटि पग उसी ओर।  
गड़ गई जिधर भी एक दृष्टि  
गड़ गये कोटि दृग उसी ओर।।

माखनलाल चतुर्वेदी की जेल की हवा खाते लिखी 'एक फूल की चाह' कविता ने छोटे-छोटे बच्चों तक में मुट्ठियां हवा में तानकर जोश भरा-

मुझे तोड़ लेना वनमाली उस पथ पर देना तुम फेंक।  
मातृभूमि पर शीश चढ़ाने जिस पथ जायें वीर अनेक।।

गांधीजी के आह्वान पर छोटे-छोटे गांवों तक के लोग स्वतंत्रता के महासमर में कूद पड़े। सरकार ने उनका उचित ढंग से सम्मान भी किया पर कुछ ऐसे भी थे जिन्होंने कोई सरकारी सम्मान नहीं लिया। वे अनाम-अज्ञात ही रहे।

इस अवसर पर शब्द रंजन की ओर से सभी शहीदों एवं स्वतंत्रता सेनानियों को श्रद्धापूर्वक नमन।

**स्वतंत्रता दिवस के अमृत महोत्सव पर शब्द रंजन के सभी विज्ञापनदाताओं, प्रबुद्ध पाठकों, संवाददाताओं तथा सहयोगियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं**

# तेरापंथ सभा द्वारा वरिष्ठजन सम्मान



डॉ. भानावत को सम्मानित करते डॉ. देव कोठारी, आलोक पगारिया, अर्जुन खोखावत, विनोद कच्छारा, राजकुमार सुराणा तथा भगवती सुराणा

**उदयपुर (ह. सं.)।** श्री जैन श्वेताम्बर तेरापंथी सभा द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव पर वरिष्ठजनों का सम्मान किया गया। स्वतंत्रता दिवस पर यह सम्मान शासनसेवी मुनिश्री सुरेशकुमार एवं मुनि संबोधकुमार 'मेधांश' के सान्निध्य में हुआ।

सभा अध्यक्ष अर्जुन खोखावत एवं मंत्री विनोद कच्छारा ने बताया कि उदयपुर में निवास कर रहे धर्मनिष्ठ वयोश्रावकों में 85 वर्ष से लेकर अणु उम्रदराज 30 व्यक्तियों का बहुमान करते उनके दीर्घायु होने के साथ-साथ स्वस्थ आध्यात्मिक विकास की मंगल भावना व्यक्त की गई।

# डॉ. ज्योतिपुंज को शीर्ष साहित्यकार अलंकरण



**उदयपुर (ह. सं.)।** वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. जयप्रकाश पंड्या 'ज्योतिपुंज' को भोपाल की मधुबन संस्था द्वारा गुरु वंदना महोत्सव में शीर्ष साहित्यकार अलंकरण से सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि पद्मश्री विजयदत्त श्रीधर, पूर्व सांसद रघुनंदन शर्मा एवं कवि संतोष चौबे ने ज्योतिपुंज को सम्मानित किया। उल्लेखनीय है कि डॉ. ज्योतिपुंज केन्द्रीय साहित्य अकादमी, राजस्थान साहित्य अकादमी के उच्च सम्मानों सहित कई अन्य पुरस्कारों से अलंकृत हैं।

# इतिहासज्ञ प्रो. गुप्ता का निधन



**उदयपुर (ह. सं.)।** मूर्धन्य इतिहासकार प्रो. के. एस. गुप्ता (92) का 07 अगस्त को देहावसान हो गया। वे सुखाड़िया विश्वविद्यालय के विभागाध्यक्ष एवं अनेक संस्थाओं के संस्थापक रहे।

उनके निधन पर राजस्थान विद्यापीठ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. एस. एस. सारंगदेवोत, बनेड़ा के अक्षयकुमार देराश्री, डॉ. जे. के ओझा, प्रो. गिरीशनाथ माथुर, डॉ. जी. एल. मेनारिया, डॉ. देव कोठारी, डॉ. राजेन्द्रमोहन भटनागर, डॉ. रजनी कुलश्रेष्ठ, किशन दाधीच, डॉ. महेन्द्र भानावत आदि ने श्रद्धांजलि देते कहा कि प्रो. गुप्ता का योगदान लम्बे समय तक याद किया जाता रहेगा। उन्होंने अपने निर्देशन में चालीस के करीब छात्रों को पीएच.डी. कराकर विविध क्षेत्रों में अज्ञात-अल्पज्ञात जो सामग्री बिखरी पड़ी थी उसे संरक्षित, विवेचित तथा विश्लेषित कराने का भगीरथ उपक्रम किया।

# स्वभाव

मीलों में फैले  
गेहूं के खेत में  
सरसों का एक बीज भी  
अपना स्वभाव नहीं छोड़ पाया।  
वही रंग  
वही रूप  
वही गुणधर्म।  
न मिट्टी उसे बदल सकी  
न हवा और पानी।  
खाद से उत्पादन में तो वृद्धि हुई  
पर एक भी सरसों का कण  
गेहूं नहीं बन सका।

-शासनश्री मुनि सुखलाल

उदयपुर सहकारी उपभोक्ता थोक भण्डार लि.
शास्त्री सर्कल, उदयपुर (राज.) 313001



स्वाधीनता दिवस पर भण्डार के सभी सदस्यों एवं उपभोक्ताओं को हार्दिक शुभकामनाएँ एवं बधाई

(अश्विनी कुमार वशिष्ठ) प्रकाशक
(आशुतोष भट्ट) महाप्रबन्धक






# Janardan Rai Nagar Rajasthan Vidyapeeth (Deemed To Be University)

# जनार्दन राय नागर राजस्थान विद्यापीठ (डीम्ड टू बी विश्वविद्यालय)

सरस्वती देवयन्ते हवन्ते

Pratap Nagar, Udaipur – 313001 (Raj.) Ph. & Fax : 0294-2492440, Email: admissions@jrnrvu.edu.in

## समस्त पाठ्यक्रम विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (UGC) से मान्यता प्राप्त




## Manikyalal Verma Shramjeevi College

### Faculty of Social Sciences and Humanities : Ph. : 0294-2413029, 9829160606, 9460826362

**B.A.** : English, Hindi, Sanskrit, History, Sociology, Geography, Economics, Political Science, Public Administration, Environmental Science, Jyotish, Music.
**M.A.** : English, Hindi, Sanskrit, History, Sociology, Geography, Economics, Political Science, Music. **Diploma Courses** : Diploma in Music (Surmalhar), Diploma in Panchgavya, P.G. Diploma in G.I.S. and Remote Sensing, Bachelor of Journalism and Mass Communication. **Certificate Courses** : Spoken English, Proficiency in English and Communication Skills, Culture of Rajasthan, Research Methods and Data Analyst, Human Rights, Acupressure.

### Faculty of Commerce : Ph. : 0294-2413029, 9460275655, 9460372183

B.Com., B.B.A., M.Com, (Accounting, Business Administration), Master of NGO Management, PG Diploma in Training and Development Certificate Courses: Plastic Processing and Manufacturing Skills, Tally ERP 9.0, Goods and Service Tax (GST).

### Faculty of Science : Ph. 9828072488,7852803736

B.Sc. : Physics, Mathematics, Chemistry, Statistics, Computer Science, Botany, Zoology, Biotechnology, Environmental Science, Geology
M.Sc. Chemistry (Inorganic, Organic, Physical, Industrial)
M.Sc. : Mathematics, Physics, Botany, Zoology, Environmental Science. Statistics, Bioinformatics, Biotechnology.

## Jyotish and Vastu Sansthan - 9460030605

M.A. (ज्योतिर्विज्ञान), **Diploma and Certificate Courses in Astrology** (ज्योतिष), Vastu (वास्तु), Palmistry (हस्तरेखा), Worship System (पूजा पद्धति), Rituals (अनुष्ठान), Vedic Culture (वैदिक संस्कार संस्कृति).

## Faculty of Education - 9460693771

B.A. B.Ed (4 year Integrated Course), B.Sc. B.Ed. (4 Year Integrated Course)

## Manikyalal Verma Shramjeevi Evening College

### Mob. - 9414291078, 0294-2426432, 8209630249

B.A., B.A. Additional (All Subject), B.Com. M.Com (All Subjects), M.A. (All Subjects), M.A. (Education), M.A. in Music, M.Sc. (Psychology), B.Lib, M.Lib., B.Ed in Special Education (ID / HI), D.Ed Special Education (HI / VI / MR), PG Diploma in Guidance and Counseling, Diploma in Library Science, PG Diploma in Population Study, PG Diploma in Mental Health Counseling, PG Diploma in Lib. & Inf. Science (Medical / Engg. / Industrial), MBA (Executive), Diploma in Community Based Rehabilitation

## Department of Physical And Yoga Education

### M.V. Shramjeevi Collage Campus, Ph.: 9352500445

PhD. Yoga, M.A.Yoga, P.G. Diploma In Yoga, PhD. Physical Education, M.A. Physical Education, Bachelor of Physical Education & Sports, (B.P.E.S), Diploma In Gym Instructor, Diploma in Sports Coaching (NIS) - 1 Year(Wrestling, Judo, Powerlifting, Yoga, Weight Lifting, Boxing, Wusu)

## Department of Physical Education, Pratap Nagar Campus - 9829943205

Master of Physical Education (M.P.Ed.) - 2 Years, Diploma in Sports Coaching (NIS) - 1 Year (Hockey, Football, Kabaddi, Volleyball, Basketball, Badminton)

## Department of Law - 9414343363, 9887214600

B.A.LL.B. (5 Year Integrated Course), LL.B. (3 Year Degree Course), LL.M. (2 Years), Ph.D., PG Diploma (1 Year Course) in Labour Law (PGDLL). Cyber Law (PGDCL), Law & Forensic Science (PGDLFS). Accountancy & Taxation (PGDLTA) and Intellectual Property Laws (PGDIPL). LLM 2 years (Criminal and Business Law)

## Department of Pharmacy - 9414869044

D. Pharma (Diploma in Pharmacy)

## Faculty of Engineering - Rajasthan Vidyapeeth Technology College

### Ph. : 0294-2490210, 9829009878, 9950304204

**Diploma in Engineering** - Civil Engineering, Electrical Engineering, Mechanical Engineering. Electronics & Communication Engineering, Computer Science.

## Faculty of Computer Science and Information Technology

### Ph. 2494227, 2494217, 9414737125

B.C.A., M.C.A., M.Sc.(CS), B.Sc. in Data Science, P.G.D.C.A., B.Voc in Software Development, DCA (Diploma in ComputerApplications).

## Department of Physiotherapy - Ph. : 0294-2656271, 9414234293

Bachelor of Physiotherapy (B.P.T.). Master of Physiotherapy (M.P.T.). Master of Hospital Management. Fellowship in Palliative Care and Oncology Rehabilitation, Fellowship in Neurological Rehabilitation, MBA in Health Care Management. Fellowship in Geriatric Care and Rehabilitation, Fellowship in Sports Rehabilitation

## Udaipur School of Social Work - Ph. 8118806319, 9829445889

Master of Social Work (MSW). PG Diploma in HRM, PG Diploma in CSR, Post Graduate Diploma in Rural Development (PGDRD), Master of Social Work (MSW - Self Finance Evening Batch), P.G. Diploma in Talent Management.

## Sahitya Sansthan (Institute of Rajasthan Studies)

### Ph. : 0294-2491054, 8003636352

M. A. In Ancient Indian Culture and Archaeology, Diploma in Archaeology.

## School of Agricultural Sciences, Dabok - 9460728763

B.Sc. (Hons.) Agriculture, B.Sc. Horticulture, B.Tech. Food Technology, M.Sc. Agronomy and Horticulture

## Manikyalal Verma Shramjeevi Girls College, Dabok

### Ph. : 0294-2655327, 9460856658, 9694881447, 9079919960

B.A., B.Com., B.Sc., M.A. (English, Hindi, Sanskrit, Pol. Sc., History. Geography, Sociology, Economics), M.Com (Accountancy),
Special Classes for English Speaking and Computer Basics.

## R.V. Homeopathic Medical College and Hospital, Dabok

### Ph. : 0294-2655974, 2655975, 9414156701, 9351343740

Diploma in Homoeopathic Pharmacy (DHP).

## Faculty of Management Studies (FMS)

### Ph. : 0294-2490632, 9461260408, 9782049628, 9001556306

B.B.A, M.B.A (H.R / Marketing / Finance / Production & Operation Management / I.B / I.T / Tourism and Travel / Retail Management / Agri-Business / Family Business Management), M.H.R.M.

## Department of Travel, Tourism & Hospitality

### Faculty of Management Studies - 9950489333

BBA (Tourism and Travel) Specialization in Hotel Management
Diploma in Hotel Management (Food & Beverage Service)
Diploma in Hotel Management (Housekeeping)
Diploma in Hotel Management (Food Production).

## Manikyalal Verma Shramjeevi Girls College, Pratapnagar, Udaipur, Mob. : 9928456341, 9929939963

B.A., B.Com, B.Sc. , M.A. Geography, Pol.Sc., Regular Special Classes for Competition exams

## Lokmanya Tilak Teachers Training College, Dabok

### Faculty of Education - Ph. : 8306182436, 0294-2655327

M.Ed., M.A. Education, B.Ed.-M.Ed. (3 Year Integrated), B.Ed., B.Ed. (Child Development), B.A.-B.Ed. and B.Sc. B.Ed. (4 Year Integrated), D.El.Ed., PG Diploma in Yoga

SHIVA © 9828244344

**Note :**

For more information about the admission in various courses like minimum percentage, fee structure etc. please go through our website : www.jrnrvu.edu.in, respective prospectus or contact concerned department

**REGISTRAR**

बाजार / समाचार

## जेके टायर का राजस्व 39 प्रतिशत बढ़ा

**उदयपुर ( ह. सं. )।** जेके टायर एण्ड इण्डस्ट्रीज लि. (जेके टायर) ने वित्तीय वर्ष 2022-23 की पहली तिमाही के लिये अपने अनअंकेक्षित परिणामों की घोषणा की।

चेयरमैन एण्ड मैनेजिंग डायरेक्टर (सीएमडी) डॉ. रघुपति सिंघानिया ने कहा कि जेके टायर ने अब तक की सर्वाधिक 3650 करोड़ रूपये की बिक्री आर्जित की है जो कि गत वर्ष की इसी तिमाही की तुलना में 39 प्रतिशत ज्यादा है। उक्त अवधि में एबिडिटा 291 करोड़ रूपये एवं कर पूर्व लाभ 57 करोड़ रूपये का रहा।

इस दौरान रीप्लेसमेंट एवं ओरिजिनल इक्विपमेंट मार्किट्स दोनो में ही पैसेंजर एवं कमर्शियल टायर्स की मांग में बेहतर सुधार देखने को मिला। कम्पनी का अलग अलग उत्पादों की पेशकश एवं ड्राइविंग प्रीमियमाइजेश पर ध्यान केन्द्रित है। इसके अलावा निर्यात क्षेत्र में भी कम्पनी ने अच्छा प्रदर्शन किया है। कम्पनी की सहयोगी इकाइयों कैवेंडिश इण्डस्ट्रीज लि. एवं जेके टोनर्स मैक्सिको के कम्पनी के समग्र विकास में अपना योगदान दिया है।

## 23 मॉडल ईयर डिस्कवरी स्पोर्ट' की डिलीवरी शुरू

**उदयपुर ( ह. सं. )।** जैगुआर लैंड रोवर इंडिया ने भारत में 2023 मॉडल ईयर डिस्कवरी स्पोर्ट की डिलीवरी शुरू कर दी है।


जैगुआर लैंड रोवर इंडिया लि. (जेएलआरआइएल) के प्रेसिडेंट एवं मैनेजिंग डायरेक्टर रोहित सूरी ने बताया कि डिस्कवरी स्पोर्ट 184 केडब्लू की पावर और 365 एनएम का टॉर्क उत्पन्न करने वाले 2.0 लीटर टर्बोचार्ज्ड पेट्रोल और 150 केडब्लू की पावर और 430 एनएम का टॉर्क उत्पन्न करने वाले 2.0 लीटर टर्बोचार्ज्ड डीजल इंजन में उपलब्ध है। आर-डाइनैमिक एसई मॉडल में उपलब्ध, डिस्कवरी स्पोर्ट 5+2 के सीट कॉन्फिगरेशन के साथ आती है। डिस्कवरी स्पोर्ट डिजाइन और इंजीनियरिंग की क्षमताओं में अपनी उत्कृष्ट वर्सेटिलिटी के जरिए डिस्कवरी ब्रांड के डीएनए को प्रस्तुत करती है। डिस्कवरी स्पोर्ट बेहद वर्सेटाइल एवं सुविधाजनक है और जिंदगी को ज्यादा आसान एवं आनंददायक बनाती है। इसमें 5+2 सीटों का व्यावहारिक लेआउट है और दूसरी पंक्ति 40:20:40 स्प्लिट-फोल्डिंग सीटों के साथ आती है। डिस्कवरी स्पोर्ट में लोड स्पेस की भी शानदार क्षमता है जोकि 157 लीटर तक के वेट वॉल्यूम को रखने की अनुमति देती है।

## एचडीएफसी बैंक और एजीबीएस में गठबंधन

**उदयपुर ( ह. सं. )।** एचडीएफसी बैंक ने एमिटी ग्लोबल बिज़नेस स्कूल (एजीबीएस) के साथ गठबंधन में बैंकिंग के क्षेत्र में जाने के इच्छुक लोगों के लिए 'राईजिंग बैंकर्स' नामक एक 8 माह का सर्टिफिकेशन प्रोग्राम शुरू किया है। इस प्रोग्राम का उद्देश्य युवा ग्रेजुएट्स को सुप्रशिक्षित और ग्राहकों को सेवाएं देने वाले प्रोफेशनल्स के रूप में विकसित करना है।

इस सर्टिफिकेशन कोर्स को पूरा कर लेने के बाद ऑन-कैंपस लर्निंग, इंटर्नशिप, और बैंक में फुल-टाईम नौकरी का अवसर शामिल है। इस कार्यक्रम के लिए पूरे देश के प्रत्याशियों से आवेदन मंगाए जा रहे हैं, जो वास्तविक जीवन के अनुभव प्राप्त करना और अध्ययन करते हुए आय अर्जित करना चाहते हैं। इस कोर्स में पहले 5 माह तक नोएडा में एमिटी ग्लोबल बिज़नेस स्कूल परिसर की अत्याधुनिक सुविधा में अध्ययन कराया जाएगा, जहाँ विद्यार्थी आवासीय क्लासरूम सत्रों में शामिल होंगे। इसके बाद भारत में एचडीएफसी बैंक की किसी भी शाखा में 3 महीने की पेड इंटर्नशिप कराई जाएगी। इस गहन कार्यक्रम को सफलतापूर्वक पूरा कर लेने के बाद विद्यार्थी एचडीएफसी बैंक में कस्टमर केयर एग्जिक्यूटिव या कस्टमर एक्सपीरियंस एग्जिक्यूटिव के रूप में नियुक्त किए जाएंगे और उन्हें 3 लाख रुपये प्रतिवर्ष का शुरुआती वेतनमान मिलेगा।

## हृदय की गंभीर बीमारी का सफल ऑपरेशन



**उदयपुर ( ह. सं. )।** पेसिफिक इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (पिम्स) हॉस्पिटल, उमरड़ा में चिकित्सकों ने हृदय की गंभीर बीमारी का सफल ऑपरेशन कर मरीज को नया जीवन दिया है। चेयरमेन आशीष अग्रवाल ने बताया कि उदयपुर निवासी राधेश्याम (46) को गत दिनों सीने में अचानक तेज दर्द की शिकायत पर पिम्स हॉस्पिटल में लाया गया। जांच में पता चला कि मरीज को हार्टअटैक आया और हृदय की मांसपेशियां फटने की वजह से दिल के पर्दे में छेद हो गया था। आशीष अग्रवाल ने बताया कि मरीज के कृत्रिम पर्दा लगाकर दिल के छेद की मरम्मत कर बायपास सर्जरी की गई। ऑपरेशन पिम्स के कार्डियक सर्जन डॉ. विवेक रावत ने किया जिसमें इन्टरवेन्शनल कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. महेश जैन, नॉन-इनवेसिव कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. उमेश सोनी तथा कार्डियक एनेस्थेटिस्ट डॉ. विपिन सिसोदिया ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। ऑपरेशन के बाद मरीज के स्वास्थ्य में सुधार है।

## एक करोड़ से अधिक पेटीएम फास्टैग जारी

**उदयपुर ( ह. सं. )।** पेटीएम पेमेंट्स बैंक ने जारी एक बयान में कहा कि पेटीएम फास्टैग 1.3 करोड़ से अधिक ग्राहकों के बीच सबसे पसंदीदा विकल्प बन गया है, जो बैंक के निर्बाध ऑनबोर्डिंग, तत्काल एक्टीवेशन और बेहतर ग्राहक देखभाल सहायता पर जोर देता है। उल्लेखनीय है कि पेटीएम पेमेंट्स बैंक लि. एक करोड़ से अधिक पेटीएम फास्टैग जारी करने का मील का पत्थर हासिल करने वाला देश का पहला बैंक बन गया है।

## नेक्सस सेलिब्रेशन मॉल में 50 प्रतिशत की छूट

**उदयपुर ( ह. सं. )।** स्वतंत्रता दिवस का उत्सव मनाते हुए नेक्सस सेलिब्रेशन मॉल में 20 से अधिक जानेमाने राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय ब्रांडों पर 50 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। यह डील फैशन, ब्यूटी, ऐंटरटेनमेंट के चुनिंदा मर्चेंडाइज़ तथा चुनिंदा ब्रांडों पर उपलब्ध होगी। यह आयोजन खरीददारों को गारंटीड ईनाम जीतने का मौका देगा और साथ ही वे मशहूर ब्रांडों पर भारी छूट का लाभ भी ले सकेंगे। आइकॉनिक, मैक्स, बीईंग ह्यूमन, नाइकी, डब्ल्यू, ऑरेलिया, कैपसन किड्स जैसे ब्रांड भी इन तीन दिनों के दौरान फ्लैट 50 प्रतिशत का हिस्सा रहेंगे। नेक्सस मॉल्स भारत का सबसे बड़ा रिटेल प्लेटफॉर्म है, जिनके पास 13 शहरों में ए-ग्रेड के 17 रिटेल स्पेस हैं।

## 'विजिल ऑन्टी' कैम्पेन लॉन्च

**उदयपुर( ह. सं. )।** एचडीएफसी बैंक ने नया कैम्पेन, 'विजिल ऑन्टी' लॉन्च किया है। यह कैम्पेन पूरे देश के लोगों को सुरक्षित बैंकिंग की आदतों का पालन करने प्रोत्साहित करता है। यह बैंक के 'मुँह बंद रखो' अभियान का पूरक है, जो अपनी बैंकिंग की गोपनीय जानकारी अन्य लोगों से साझा न करने का आह्वान करता है। मिस अनुराधा (अनु) मेनन इस कैम्पेन का मुख्य चेहरा होंगी। मिस मेनन विजिल ऑन्टी के रूप में अनेक वीडियो, रील, चैट शो के माध्यम से सुरक्षित बैंकिंग के लिए बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में बताएंगी।

विजिल ऑन्टी नागरिकों को सतर्क रहने और वित्तीय जालसाजों के काम करने की विधि के बारे में जानकारी देंगी और बताएंगी कि साईबर फ्रॉड की कोशिशों को पहचानकर खुद को सुरक्षित कैसे रखा जाए। वो सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर चैट शो को होस्ट करेंगी और सेलिब्रिटी मेहमानों के साईबर फ्रॉड्स की कुछ हालिया घटनाओं पर बात करेंगी। विजिल ऑन्टी इंस्टाग्राम और फेसबुक पर मौजूद होंगी और एक सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर होंगी।

## रीच ईच चाइल्ड पहल के साथ मनाया विश्व स्तनपान सप्ताह

**उदयपुर / राजसमंद ( ह. सं. )।** डेटॉल बनेगा स्वस्थ इंडिया के रीच ईच चाइल्ड प्रोग्राम ने अपने पार्टनर प्लान इंडिया के साथ राजसमंद, अमरावती और नंदुरबार में विश्व स्तनपान सप्ताह मनाया। इसके तहत 1 से 7 अगस्त के बीच पूरे सप्ताह भर विभिन्न जागरुकता अभियानों, कार्यशालाओं और रैलियों के माध्यम से महिलाओं और समुदायों के बीच स्तनपान के प्रति जागरुकता बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित किया गया। इस दौरान दोनों राज्यों के इंटरवेंशनल ब्लॉकों के 36 गांवों में नौ रैलियों के माध्यम से जागरूकता कार्यक्रम चलाए गए।

रवि भटनागर, डायरेक्टर, एक्सटर्नल अफेयर्स एंड पार्टनरशिप एसओए, रेकिट ने कहा कि समारोह में आशा और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया गया। ये आशा और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता कम्युनिटी न्यूट्रिशन वर्कर्स के साथ मिलकर गांवों में स्तनपान के बारे में जागरुकता बढ़ाने की दिशा में काम कर रहे हैं। कार्यक्रम ने उन माताओं को भी सम्मानित किया, जिन्होंने शुरुआत में तो कम वजन वाले बच्चों को जन्म दिया, लेकिन लगातार स्तनपान करा बच्चे की पोषण की स्थिति को सामान्य स्थिति तक लाने में सफलता प्राप्त की। स्तनपान के लाभ को लेकर लोगों के बीच जागरुकता बढ़ाने और बच्चे के पहले 6 महीनों के लिए खासतौर पर स्तनपान को बढ़ावा देने के लिए महिलाओं ने गांवों की 'परिक्रमा' भी की।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नंदलाल मेघवाल, उप निदेशक आईसीडीएस, राजसमंद, डॉ. रामदेव वर्मा, चिकित्सा अधीक्षक, अमरावती, डॉ. तिलोत्तमा वानखेड़े, तालुका स्वास्थ्य अधिकारी, धरनी, अमरावती, डॉ. एस.एन. परमार-चिकित्सा अधिकारी, धड़गांव, नंदुरबार, उपस्थित थे।

## एचडीएफसी बैंक 'भारत का सर्वश्रेष्ठ बैंक' चुना गया

**उदयपुर ( ह. सं. )।** एचडीएफसी बैंक को यूरोमनी अवार्ड्स फॉर एक्सिलेंस 2022 में 'भारत का सर्वश्रेष्ठ बैंक' चुना गया है। बैंक को यह प्रतिष्ठित सम्मान लगातार चौथे साल मिला है। अपने एडिटोरियल में यूरोमनी ने लिखा, 'चुनौतीपूर्ण वातावरण में, जब रिटेल और ट्रेज़री का लाभ कम हो गया, तब इसके होलसेल बैंकिंग व्यवसाय में 38.6 प्रतिशत की बेहतरीन वृद्धि हुई और इसकी मदद से नॉन-परफॉर्मिंग लोन निरंतर गिरते हुए कोविड के दौरान उद्योग में सबसे निचले स्तर पर केल 1.17 प्रतिशत सकल तक गिर गए। 31 मार्च, 2022 को समाप्त हुआ साल कई वित्तीय सेवाओं के लिए मुश्किल रहा, लेकिन एचडीएफसी का प्रॉफिट आफ्टर टैक्स 14.6 प्रतिशत बढ़कर 4.88 बिलियन डॉलर के बराबर पहुँच गया।'

यूरोमनी अवार्ड्स के पिछले 30 सालों में 1995 में स्थापित इस बैंक को 15 सालों तक 'भारत में सर्वश्रेष्ठ बैंक' का प्रतिष्ठित दर्जा मिल चुका है। इस साल यूरोमनी को अपने क्षेत्रीय एवं कंट्री अवार्ड्स प्रोग्राम के लिए बैंकों से रिकॉर्ड संख्या में आवेदन मिले। इस अवार्ड कार्यक्रम में 100 देशों में 50 से ज्यादा क्षेत्रीय अवार्ड एवं सर्वश्रेष्ठ बैंक के अवार्ड शामिल हैं। अपने अवार्ड्स की प्रति में यूरोमनी ने लिखा, 'चीफ एग्जक्यूटिव शशिधर जगदीशन के नेतृत्व में एचडीएफसी बैंक ने सही तरीके से सहज काम करते हुए सालों के सतत परिश्रम से यह सब खड़ा किया।

## नितिज मुर्डिया नेशननल एआरटी और सरोगेसी बोर्ड के सदस्य नियुक्त



**उदयपुर ( ह. सं. )।** पिछले कुछ वर्षों में नि:संतानता उपचार के लिए असिस्टेड रिप्रोडक्टिव तकनीक की बढ़ती मांग और विनियमन की जरूरत को देखते हुए संसद में विधेयक पारित हो गये हैं। केंद्र सरकार ने असिस्टेड रिप्रोडक्टिव टेक्नोलॉजी (रेग्युलेशन) एक्ट, 2021 और सरोगेसी (रेग्युलेशन) एक्ट, 2021 के प्रयोजनों के लिए नितिज मुर्डिया को नेशनल असिस्टेड रिप्रोडक्टिव टेक्नोलॉजी एंड सरोगेसी बोर्ड के सदस्य के रूप में नियुक्त किया है। मुर्डिया देश की सबसे बड़ी फर्टिलिटी चैन इन्दिरा आईवीएफ के निदेशक, सह-संस्थापक और एक भ्रूणविज्ञानी हैं।

नितिज मुर्डिया ने कहा कि एआरटी और सरोगेसी के उपचार भारत में क्रमश: चार और दो दशकों से उपलब्ध है लेकिन जागरूकता के अभाव में ज्यादातर लोग इसे अपनाने में संकोच करते थे। दोनों अधिनियम भारत में एआरटी और सरोगेसी सेवाओं की इच्छा रखने वाले मरीजों के लिए एक सशक्त आधार साबित होगें क्योंकि यह प्रक्रिया में पारदर्शिता लाते हैं। इन्दिरा आईवीएफ ग्रुप के संस्थापक और चेयरमैन डॉ. अजय मुर्डिया ने कहा कि नि:संतानता और उपचार को लेकर किये गये प्रयासों के सफल परिणाम सामने आ रहे हैं। एआरटी व सरोगेसी बिल पारित होने से मरीजों के साथ क्लीनिकों के लिए भी प्रोटोकॉल का पालन करना आसान होगा और उपचार में पारदर्शिता बढ़ेगी। इन्दिरा आईवीएफ ग्रुप के सीईओ तथा सह-संस्थापक डॉ. क्षितिज मुर्डिया ने कहा कि एआरटी और सरोगेसी में नैतिकता का पालन किया जाना चाहिए, इस दिशा में सरकार के प्रयास सराहनीय हैं और इसके भविष्य में अच्छे परिणाम सामने आएंगे।

# उदयपुर में मंत्री खाचरियावास ने फहराया राष्ट्रीय ध्वज


परेड की सलामी लेते मंत्री खाचरियावास

**उदयपुर ( ह. सं. )।** स्वतंत्रता दिवस 2022 का जिला स्तरीय समारोह गांधी ग्राउंड में धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति और उपभोक्ता मामले मंत्री प्रतापसिंह खाचरियावास ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया और


प्रमोद सोनी, मधुलिका सिंह, कमलेश दखनी, विनीता गौड़ को सम्मानित करते मंत्री खाचरियावास

सभी को स्वाधीनता दिवस की शुभकामनाएं दीं। मंत्री ने मेवाड़ की भूमि को प्रणाम करते हुए आजादी के लिए बलिदान देने वाले वीर-वीरांगनाओं को नमन किया। इस अवसर पर जिले में विशिष्ट कार्य करने एवं उल्लेखनीय सेवा प्रदान करने वाले 71 व्यक्तियों व संस्थाओं को प्रशस्तिपत्र देकर सम्मानित किया। मुख्य


लेकसिटी प्रेस क्लब

आकर्षण आलोक स्कूल फतहपुरा द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रम रहा।

कार्यक्रम में विधानसभा नेता प्रतिपक्ष गुलाबचंद कटारिया, महापौर गोविंद सिंह टाँक, जिला प्रमुख ममता कंवर, सम्भागीय आयुक्त राजेन्द्र भट्ट, जिला कलक्टर ताराचंद मीणा, एसपी विकास शर्मा, एडीएम (शहर) प्रभा गौतम, एडीएम (प्रशासन) ओ पी बुनकर, उपखंड अधिकारी सलोनी खेमका सहित अन्य कई प्रमुख अधिकारी और जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

राज्य सरकार द्वारा लिए गए निर्णय अनुसार जिले के स्वतंत्रता सैनानियों के निवास पर खाचरियावास ने घर जाकर ध्वजारोहण किया। खाचरियावास ने हाल ही में दिवंगत हुए कन्हैयालाल के घर पहुंच उनकी तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

लेकसिटी प्रेस क्लब भवन पर भी स्वाधीनता दिवस पर ध्वजारोहण किया गया। सुबह 8 बजे प्रेस क्लब के पूर्व अध्यक्ष प्रकाश शर्मा व रफीक एम पठान के आतिथ्य में क्लब अध्यक्ष कपिल श्रीमाली ने ध्वजारोहण किया।

कपिल श्रीमाली ने बताया कि आज़ादी के 75वें वर्ष पर क्लब भवन पर ध्वजारोहण की शुरुआत की गई है। इस परंपरा का निर्वहन अब हर वर्ष स्वाधीनता दिवस व गणतंत्र दिवस पर जारी रहेगा। कार्यक्रम में क्लब के सदस्य नरेश्वर राव, राजेंद्र हिलोरिया, भूपेंद्र चौबीसा, अजय आचार्य, अविनाश जगनावत, कुलदीप सिंह, कृतिका चौबिसा, निशा राठौड़, प्रकाश मेघवाल, निर्मल चौबीसा, विशाल अग्रवाल, सनत जोशी, भूपेंद्र चुंडावत आदि उपस्थित थे। दोपहर में क्लब सदस्यों के लिए पिकनिक आयोजित की गई।


राजस्थान विद्यापीठ

जनार्दनराय नागर राजस्थान विद्यापीठ डीम्ड टू बी विश्वविद्यालय के तीनों परिसरों में कुलपति प्रो. एस.एस. सांरगदेवोत ने झण्डरोहरण किया। मुख्य समारोह डबोक परिसर में एग्रीकल्चर महाविद्यालय के प्रांगण में राजस्थान विद्यापीठ डीम्ड टू बी विश्वविद्यालय, 10 राज बटालियन, 5 राज गर्ल्स बटालियन एनसीसी के संयुक्त तत्वाधान में हुआ। समारोह में प्रो. सारंगदेवोत ने कहा कि आज पूरा देश आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है। हजारों स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग, संघर्ष और बलिदान के कारण आज हम सब आजाद भारत में सांस ले रहे हैं। समारोह में 800 से अधिक एनसीसी केडेट्स ने परेड की एवं देशभक्ति गीतों पर प्रस्तुतिया दी।

इस अवसर पर प्रो. सारंगदेवोत ने सेना के कमांडिंग ऑफिसर इन्द्रजीतसिंह घोषाल, कर्नल अखिलेशसिंह खन्ना, एडम मेजर छाया पोरवाल, कर्नल अजयप्रतापसिंह, मेजर बेला मलिक, डॉ. अनिता राठौड़, डॉ. युवराजसिंह राठौड का उत्कृष्ट सेवा के लिए सम्मान किया। समारोह में रजिस्ट्रार डॉ. हेमशंकर दाधीच, प्रो. सुमन पामेचा, डॉ. धमेन्द्र राजौरा, डॉ. दिलीपसिंह चौहान, प्रो. मलय पानेरी, डॉ. जीवनसिंह खरकवाल, प्रो. जीएम मेहता, प्रो. गजेन्द्र माथुर, प्रो. सरोज गर्ग, डॉ. अमी राठौड़, डॉ. सुनिता मुर्डिया, प्रो. मंजु मांडोत, डॉ. अमिया गोस्वामी, डॉ. शैलेन्द्र मेहता, डॉ. अपर्णा श्रीवास्तव, डॉ. रोहत कुमावत, डॉ. संतोष लाम्बा, डॉ. कुलशेखर व्यास मौजूद थे।

नारायण सेवा संस्थान के सभी परिसरों में स्वतंत्रता दिवस देशभक्तिपरक कार्यक्रमों के साथ मनाया गया। मानव मंदिर में


नारायण सेवा संस्थान

संस्थापक पद्मश्री कैलाश मानव, सेवाधाम में श्रीमती कमला अग्रवाल, अंकुर कॉम्प्लेक्स में ट्रस्टी देवेंद्र चौबीसा तथा सेवामहातीर्थ में राकेश शर्मा ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। नारायण चिल्ड्रन एकेडमी के बच्चों ने देशभक्ति गीत व झांकियों की प्रस्तुतियां दी। संचालन महिम जैन ने किया।

गीतांजली यूनिवर्सिटी में 76वें स्वतंत्रता दिवस पर ध्वजारोहण किया गया। इस अवसर पर एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर अंकित अग्रवाल, डीन डॉ. डी. सी कुमावत, जीएमसीएच सीईओ


गीतांजली यूनिवर्सिटी

प्रतीम तंबोली, फार्मेसी प्रिंसिपल डॉ. महेंद्रसिंह राठौर, जी.डी.आर.आई प्रिंसिपल डॉ. निखिल वर्मा सहित डॉक्टर्स व स्टाफ उपस्थित रहे। संचालन जीएम एचआरबीपी डॉ. राजीव पांडेय ने किया। इस दौरान गीतांजली यूनिवर्सिटी के विद्यार्थियों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में शौर्य प्रमाण पत्र भी वितरित किये गए।

## 'राजस्थान में जैन सांस्कृतिक वैभव' लोकार्पित

**उदयपुर ( ह. सं. )।** विज्ञान समिति में महाराणा प्रताप वरिष्ठ नागरिक संस्थान के महासचिव भंवर सेठ ने प्रो. प्रेमसुमन जैन की अभिनव पुस्तक



'राजस्थान में जैन सांस्कृतिक वैभव' का लोकार्पण किया। उन्होंने कहा कि राजस्थान की जैन संस्कृति विश्वव्यापी है। उसके वैभव का विवेचन प्रो. प्रेमसुमन जैन ने इस पुस्तक में किया गया है। पुस्तक भारतीय इतिहास की धरोहर के रूप में जानी जायेगी। इतिहासज्ञ डॉ. देव कोठारी ने इस पुस्तक को जैन विद्या का महत्त्वपूर्ण दस्तावेज कहा। लेखक प्रो. जैन ने कहा कि पुस्तक में जैन संस्कृति के जितने पक्ष विवेचित हुए हैं, उतने ही अभी इसमें और जोड़े जा सकते हैं। इस अवसर पर प्रो. के. एल. कोठारी, प्रो. एन. एल. कछारा, प्रो.पी. एम. अग्रवाल, डॉ. डी. एस. बया, डॉ. महीप भटनागर, डॉ. आई. एल. जैन, प्रो. जिनेन्द्रकुमार जैन मौजूद थे।

## नीलम को पीएच.डी.

**उदयपुर ( ह. सं. )।** मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय वाणिज्य संकाय



में लेखांकन एवं व्यावसायिक सांख्यिकी विभाग की शोधार्थी नीलम यादव को पीएच.डी. की उपाधि प्रदान की गई है। नीलम ने प्रो. शूरवीर एस. भाणावत के निर्देशन में 'चयनित देशों के कर राजस्व और मानव विकास सूचकांक के बीच अंतर-संबंधों का एक तुलनात्मक अध्ययन' विषय पर शोध कार्य किया। नीलम ने शोध के लिए भारत, फ्रांस, इटली, ब्राजील तथा कनाडा देशों का चयन किया।

## डायकिन इंडिया करेगा 500 करोड़ का निवेश

**उदयपुर ( ह. सं. )।** डायकिन इंडिया ने नीमरामा स्थित अपने तीसरे अनुसंधान एवं विकास केंद्र के लिए योजनाओं की घोषणा की है। डायकिन इंडिया अगले तीन सालों में इस आरएंडडी सेंटर में 500 करोड़ रुपये का निवेश करेगा। छह एकड़ में फैले इस केन्द्र में 250 से अधिक इंजीनियरों की नियुक्ति होगी जो समझदार भारतीय उपभोक्ताओं के लिए अनुसंधान और टेलर मेड उत्पादों को विकसित करने के लिए समर्पित हैं। इस नए अनुसंधान एवं विकास केंद्र में 22 नई परीक्षण सुविधाएं / प्रयोगशालाएं होंगी, जिसका उद्देश्य विदेशी बाजार से निर्यात मांगों पर हावी होने के लिए डायकिन की विनिर्माण प्रतिस्पर्धात्मकता को बढ़ाना है। 500 करोड़ रुपये के निवेश के साथ स्थापित, यह डायकिन का तीसरा विकास केंद्र है, जो हैदराबाद और नीमराना में स्थित दो अन्य के साथ है।

श्रीनिवास रेड्डी, उपाध्यक्ष, आरएंडडी, डायकिन इंडिया ने कहा कि डायकिन में हम निरंतर नवाचार में विश्वास करते हैं और यह आरएंडडी केंद्र हमें तकनीकी रूप से उन्नत और टिकाऊ उत्पादों की अवधारणा में चैनलाइज्ड प्रयास करने में मदद करेगा।

# SAI TIRUPATI UNIVERSITY

Approved by UGC under section 2(f)

ADMISSIONS OPEN

CONTACT US

VENKATESHWAR INSTITUTE OF PHARMACY

B. Pharm. | D. Pharm.

Contact: 9587890082, 9828450305

RESEARCH PROGRAM (Ph.D)

Medical Sciences & Nursing

Contact: 9587890082

VENKTESHWAR COLLEGE OF PHYSIOTHERAPY

MPT | BPT

Contact: 9587890082

## VENKATESHWAR INSTITUTE OF PARAMEDICAL SCIENCES

Approved by Rajasthan Paramedical Council

DIPLOMA COURSES

- Radiation Technology
- ECG Technology
- Cath Lab Technology
- Operation Theatre Technology
- Medical Laboratory Technology

Contact: 9587890082, 9358883194

## VENKTESHWAR INSTITUTE OF MANAGEMENT STUDIES

MBA [Hospital Administration & Healthcare Management]

Contact: 9587890082, 8005787638



PIMS

## PIMS HOSPITAL UMARDA, UDAIPUR

Umarda Railway Station Road, Udaipur (Raj.) 313015

Phone: 0294-3510000, Mob. 8696440666 www.saitirupatiuniversity.ac.in


स्वत्वाधिकारी प्रकाशक डॉ. तुक्तक भानावत द्वारा 352, कृष्णपुरा, सेंटपॉल स्कूल के पास, उदयपुर - 313001 (राज.) से प्रकाशित एवं मुद्रक लोकेश कुमार आचार्य द्वारा मैसर्स पुकार प्रिंटिंग प्रेस 311-ए, चित्रकूट नगर, भुवाणा, उदयपुर (राज.) से मुद्रित। सम्पादक : रंजना भानावत। फोन : 0294-2429291, मोबाइल - 9414165391, Email : shabdranjanudr@gmail.com, drtuktakbhanawat@gmail.com, सर्व विवादों का न्याय क्षेत्र उदयपुर होगा।